भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान,
खण्डवा रोड, इंदौर-452001

फाइल क्रमांक: प्रेस एवं पब्लिसिटी/प्रेस नोट/ 2021/2 दिनांक : 10.03.2021

<u>भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन</u>




संयुक्त राष्ट्र द्वारा महिलाओ के अधिकारों के लिए घोषित तिथि 8 मार्च को भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान इंदौर द्वारा अत्यंत उत्साह और खुशी के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया गया. इसके अंतर्गत समानता और न्याय के लिए महिलाओं के प्रयासों और संघर्ष को संजोने के लिए संस्थान में महिला और छात्राओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे पोस्टर मेकिंग (शीर्षक क्रमशः 'कृषि में महिला नेतृत्व) और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं ('महिला सशक्तिकरण') प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। इसका मुख्या उद्धेश्य कृषि पृष्ठभूमि से जुडी महिलाओं में निहित अभिनव प्रतिभा को मंच देना था।

**इस कार्यक्रम के आयोजन में संस्थान की शोध छात्राओं और महिला कर्मियों द्वारा शानदार प्रतिक्रिया दी गई। इन प्रतियोगिताएं के विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं-**

**<u>पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता</u>**

**प्रथम पुरस्कार : सुश्री पुरु दुबे (माइक्रोबायोलॉजी)**

**द्वितीय पुरस्कार : सुश्री रुचा कवीश्वर (आणविक प्रजनन)**

**तृतीय पुरस्कार : पलक सोलंकी (आणविक प्रजनन)**

**<u>स्लोगन लेखन प्रतियोगिता</u>**

**प्रथम पुरस्कार : सुश्री रचना बाजपेई (माइक्रोबायोलॉजी)**

**द्वितीय पुरस्कार: सुश्री दीपांती चौरसिया (माइक्रोबायोलॉजी)**

**तृतीय पुरस्कार : सुश्री निशा अग्रवाल (आणविक प्रजनन)**

**भारत के माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा किये गए आवाहन "आत्मनिर्भर भारत अभियान" के अंतर्गत "स्किलिंग इकोसिस्टम" को प्रोत्साहन देने के लिए शुरू किये गए कार्यक्रमों के अंतर्गत भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान इंदौर में दिनांक 6 मार्च 2021 को संस्थान के महिला मजदूरों के लिए "सोयाबीन के खाद्य उपयोग" विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका आयोजन श्रीमती नेहा पांडे, वैज्ञानिक (खाद्य प्रौद्योगिकी) द्वारा किया गया था। प्रशिक्षण का उद्देश्य संस्थान में बनाए जा रहे सोया-आधारित उत्पादों से संबंधित मजदूरों को जानकारी प्रदान करना था। प्रतिभागियों को संस्थान में स्थापित टोफू संयंत्र में टोफू के उत्पादन को दिखाया गया था जहां वे सोयाबीन की फलियों को उबालने से टोफू उत्पादन की पूरी प्रक्रिया को समझ सकते थे।**

**इसके अतिरिक्त, महिलाओ में अत्यधिक परिश्रमों में लघु यंत्रों के माध्यम से सुगमता लाने के उद्धेश्य से महिला मजदूरों के लिए का आयोजन दिनांक 8 मार्च 2021 को छोटे उपकरणों के प्रयोग से ड्रजेरी रिडक्शन विषय पर एक अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की डॉ. पुनम कुचलन द्वारा किया गया था।**

 

इसके साथ-साथ दिनांक 8  मार्च, 2021 के संस्थान के व्याख्यान कक्ष में आयोजित    अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमे संस्थान की      निदेशक डॉ नीता खांडेकर , महिला सेल प्रभारी डॉ अनीता रानी एवं सभी महिला कर्मियों की उपस्थिति की उपस्थिति में     डॉ. नीता खांडेकर ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और महिला मजदूरों को उनके संबंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए निम्नलिखित महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया.

1. श्रीमती। रामी बाई (फील्ड प्रशिक्षण)

2. श्रीमती. संतो बाई (फसल संरक्षण)

3. श्रीमती. रोमू बाई (फसल उत्पादन)

4. श्रीमती. सरिता बाई (फसल सुधार)

5. श्रीमती. रेशम बाई (आतिथ्य)

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए , इंदौर की कार्यवाहक निदेशक डॉ . नीता खांडेकर ने संस्थान में महिला कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कार्यस्थल के साथ-साथ घरेलू स्तर पर लैंगिक समानता पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से लक्ष्य को प्राप्त करने में महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता की भूमिका का उल्लेख किया। अंत में  , उन्होंने महिलाओं के लिए उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भूमिका पर बल दिया , जो समाज में उनकी आर्थिक स्थिति को बढ़ाने के लिए हैं। श्रीमती प्रियंका सावन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया।